PAPERWELL


# SESSION 2021-22

## Activity I

2 day workshop was organised in collaboration with BYJU to prepare students for 'Career Opportunities in Government Jobs During & After Graduation' on December 29 & 30, 2021.

## Activity II

An online lecture on the subject 'How to be an Entrepreneur' was organised by office of the Chief Judicial Magistrate-cum-Secretary, District Legal Services Authority, Kaithal. Placement cell ensured the participation of all college students through Microsoft Team App on 12-01-2022.

# महाविद्यालय में विद्यार्थियों को सही मार्गदर्शन देने के उद्देश्य से आयोजित की कार्यशाला : प्रो. अनिल





*राजकीय कालेज में आयोजित कार्यशाला के दौरान छात्रा को सम्मानित करते मुख्य वक्ता, कालेज की कार्यवाहक प्राचार्या प्रो. सुनीता अरोड़ा, साथ हैं प्लसेमैंट सैल के संयोजक प्रो. अनिल ललित व प्रो. सुभाष शर्मा तथा उपस्थित विद्यार्थी।* (मित्तल)

कैथल, 30 दिसम्बर (मित्तल) : डा. भीमराव अम्बेदकर राजकीय महाविद्यालय कैथल में रोजगार और सरकारी प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी एवं मार्गदर्शन विषय पर आयोजित की गई 2 दिवसीय कार्यशाला के दूसरे दिन प्रारंभ में महाविद्यालय की कार्यवाहक प्राचार्या प्रो. सुनीता अरोड़ा ने मुख्य वक्ता संदीप शर्मा व समन्वयक आशु और अन्य अतिथियों का अभिनंदन किया।

इस अवसर पर प्रो. सुनीता अरोड़ा ने विद्यार्थियों को अपने कॉलेज के अंतिम वर्ष में प्रतियोगिता परीक्षाओं में और ज्यादा प्रयास करने के लिए प्रेरित किया तथा महाविद्यालय के ऐसे सार्थक कार्यक्रमों के प्रति प्रतिबद्धता को दोहराया। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने व्यावसायिक भविष्य को और गंभीरंता से लेने के लिए प्रेरित किया। प्लेसमैंट सैल के संयोजक प्रो. अनिल ललित ने कहा कि महाविद्यालय में विद्यार्थियों को व्यावसायिक परामर्श और मार्गदर्शन प्रदान करने के उद्देश्य से प्लेसमैंट सैल के द्वारा किए गए प्रयासों की शृंखला में यह कार्यशाला एक अन्य प्रयास है। महाविद्यालय में विद्यार्थियों को सही मार्गदर्शन देने के उद्देश्य से इस कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें सभी विद्यार्थियों ने उत्साह से भाग लिया।

कार्यशाला के दूसरे दिन मुख्य तौर पर कालेज के तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों को आने वाली प्रतियोगिता परीक्षाओं के लिए टिप्स दिए गए कि किन-किन बातों का विशेष ध्यान रखें तथा किस प्रकार से इन प्रतियोगिताओं में तैयारी करनी चाहिए। विद्यार्थी पुस्तकों के साथ-साथ समाचार-पत्र, पत्रिकाएं एवं समाचार चैनलों को भी ध्यान से पढ़ें और देखें। उन्होंने विद्यार्थियों को अपनी रिजनिंग के प्रश्नों को कम से कम समय में हल करने की प्रक्रिया के बारे में भी बताया और उनके कौशल को निखारने की विधाओं से परिचित करवाया।

कार्यक्रम के अंत में कालेज की कार्यवाहक प्राचार्या प्रो. सुनीता अरोड़ा ने विद्यार्थी व स्वयंसेवकों को पुरस्कार वितरित किए।

स्वयंसेवकों में प्रदीप, मानव, माणिक, शीतल, प्रिया, मानसी, गरिमा, अभिषेक, प्रेम और राहुल शामिल थे। इस कार्यशाला को करवाने में प्लेसमैंट सैल के सदस्य प्रो. सुभाष शर्मा, प्रो. मीना और सभी विभागाध्यक्ष जनसंचार विभाग से प्रो. वीरेंद्र खटकड़ और प्री. अभिषेक गोयल, कम्प्यूटर विभाग से प्रो. सुशील, वनस्पति विज्ञान से प्रो. अमित, प्राणी शास्त्र विभाग से प्रो. पूजा और गैर-शिक्षण विभाग से अमित, कृष्ण, संदीप का विशेष योगदान रहा। इस मौके पर प्रो. कृतिका, प्रो. रीना संधू, प्रो. नविता अदलखा, प्रो. रामगोपाल, प्रो. अनु, प्रो. मेहर सिंह, प्रो. सोनिया, प्रो. रुपाली व प्रो. मंजू आदि मौजूद रहे।

# प्रतियोगी परीक्षा में कम समय में अधिक प्रश्नों को हल करने के छात्रों को दिए टिप्स

## प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर दो दिवसीय कार्यशाला का समापन

भास्कर न्यूज़ | कैथल

डॉ. भीमराव अंबेडकर सरकारी महाविद्यालय में दो दिवसीय रोजगार और सरकारी प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी एवं मार्गदर्शन पर दो दिवसीय कार्यशाला का समापन हो गया। कार्यशाला के प्रारंभ में महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर सुनीता अरोड़ा ने मुख्य वक्ता संदीप शर्मा व समन्वयक आशु और अन्य अतिथियों का दोबारा से अभिनंदन किया। प्राचार्या सुनीता अरोड़ा ने विद्यार्थियों को अपने कॉलेज के अंतिम वर्ष में और ज्यादा प्रयास करने के लिए प्रेरित किया और महाविद्यालय की ऐसे सार्थक कार्यक्रमों के प्रति प्रतिबद्धता को दोहराया। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने व्यावसायिक भविष्य को और गंभीरता से लेने के लिए प्रेरित किया। प्लेसमेंट सेल के संयोजक प्रोफेसर अनिल ललित ने कहा महाविद्यालय में विद्यार्थियों को व्यावसायिक परामर्श और मार्गदर्शन प्रदान करने के उद्देश्य से प्लेसमेंट सेल के द्वारा किए प्रयासों की श्रृंखला में ये कार्यशाला एक अन्य प्रयास है। महाविद्यालय में विद्यार्थियों को सही मार्गदर्शन देने के उद्देश्य से इस कार्यशाला का आयोजन किया था। कार्यशाला में विद्यार्थियों को आने वाली प्रतियोगिता परीक्षाओं के लिए टिप्स दिए। किन किन बातों का विशेष ध्यान रखें तथा किस प्रकार से इन प्रतियोगिताओं में तैयारी करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि परीक्षाओं को ट्रिक के माध्यम से कम समय में अधिक से अधिक प्रश्नों को हल किया जा सकता है। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्या सुनीता अरोड़ा ने विद्यार्थी स्वयंसेवको को पुरस्कार वितरित किये। स्वयंसेवकों में प्रदीप, मानव, माणिक, शीतल, प्रिया, मानसी, गरिमा, अभिषेक, प्रेम और राहुल शामिल थे। इस कार्यशाला को करवाने में प्लेसमेंट सेल के सदस्य प्रोफेसर सुभाष शर्मा, प्रोफेसर मीना और सभी विभागाध्यक्ष जनसंचार विभाग से प्रोफेसर वीरेंद्र खटकड़ और प्रोफेसर अभिषेक गोयल, कंप्यूटर विभाग से प्रोफेसर सुशील, वनस्पति विज्ञान से प्रोफेसर अमित, प्राणी शास्त्र विभाग से प्रोफेसर पूजा और गैर शिक्षण विभाग से अमित, कृष्ण, संदीप का विशेष योगदान रहा। इस मौके पर प्रोफेसर कृतिका, प्रोफेसर रीना संधू, प्रोफेसर नविता अदलखा, प्रोफेसर रामगोपाल, प्रोफेसर अनु, प्रोफेसर मेहर सिंह, प्रोफेसर सोनिया, प्रोफेसर रुपाली, प्रोफेसर मंजू के साथ अन्य प्रोफेसर मौजूद रहे।



सरकारी महाविद्यालय में रोजगार कार्यशाला में हिस्सा लेते छात्र।

दैनिक सवेरा टाइम्स

# वेबीनार के माध्यम से बताए उद्यमी बनने के गुर



वैबिनार में भाग लेते हुए छात्र।

कैथल (प्रदीप हरित) : जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीष नरेश कत्याल के मार्गदर्शन में प्राधिकरण द्वारा राजकीय महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के लिए राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर एक वेबीनार का आयोजन किया गया। इस वेबीनार का मुख्य विषय उद्यमी कैसे बने था। दानिश गुप्ता मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने बताया कि जिला एम.एस.एम.ई. केन्द्र कैथल के औद्योगिक विस्तार अधिकारी बलदेव कुमार ने वेबिनार में उपस्थित महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को उद्यमी कैसे बनें के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस वेबिनार में प्रिंसिपल सुनीता अरोड़ा सहित 100 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

# विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रयासरत है कालेज : प्रो. सुनीता अरोड़ा

जागरण संवाददाता, कैथल : डा. भीमराव आंबेडकर राजकीय कालेज में रोजगार और सरकारी प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी पर दो दिवसीय कार्यशाला का समापन हुआ। कार्यशाला की शुरूआत कालेज की प्राचार्या प्रो. सुनीता अरोड़ा ने मुख्य वक्ता रहे संदीप शर्मा व समन्वयक आशु और अन्य अतिथियों का अभिनंदन किया।

प्राचार्या सुनीता अरोड़ा ने विद्यार्थियों को अपने कालेज के अंतिम वर्ष में और ज्यादा प्रयास करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए कालेज के कार्यक्रम आयोजित करता है। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने व्यावसायिक भविष्य को और गंभीरता से लेने के लिए प्रेरित किया।

प्लेसमेंट सेल के संयोजक प्रो. अनिल ललित ने कहा कालेज में विद्यार्थियों को व्यावसायिक परामर्श और मार्गदर्शन प्रदान करने के उद्देश्य से प्लेसमेंट सेल की ओर से किए गए प्रयासों की श्रृंखला में यह कार्यशाला एक अन्य प्रयास है। विद्यार्थियों को सही मार्गदर्शन देने के उद्देश्य से इस कार्यशाला का आयोजन किया गया था और इस कार्यशाला में कालेज सभी विद्यार्थियों ने उत्साह से हिस्सा। कार्यशाला के अंतिम दिन तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। कार्यशाला में विद्यार्थियों को आने वाली प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयार को जानकारी दी।



राजकीय कालेज में प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी पर आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला के समापन पर स्वयंसेवक को सम्मानित करती प्राचार्या सुनीता अरोड़ा। • कालेज पीआरओ।

विद्यार्थी पुस्तकों के साथ-साथ समाचार पत्र पत्रिकाएं एवं समाचार चैनलों को भी ध्यान से पढ़ें। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्या सुनीता अरोड़ा ने स्वयंसेवकों को पुरस्कार भी वितरित किए।

स्वयंसेवकों में प्रदीप, मानव, माणिक, शीतल, प्रिया, मानसी, गरिमा, अभिषेक, प्रेम और राहुल शामिल थे। इस कार्यशाला में प्रो. सुभाष शर्मा, प्रो. मीना, प्रो. विरेंद्र खटकड़, प्रो. अभिषेक गोयल, प्रो. सुशील, प्रो. अमित, प्रो. पूजा व अमित, कृष्ण, संदीप का विशेष सहयोग रहा।